कार्यालयः सचिव उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर नैनीताल

पत्रांकःउ0वि0शि0प0 / यू0टी0ई0टी0–2024 / विज्ञप्ति 03 / 175-78 / 2024–25 दिनांक 07.10.2024

उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET I&II) 2024 परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रवेश–पत्र सम्बन्धी सूचना

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर नैनीताल के पत्रांक उ0वि0शि0प0 / यू0टी0ई0टी0–2024 विज्ञप्ति 01 / 89–92 / 2024–25 दिनांक 20 जुलाई 2024 के क्रम में निर्धारित तिथि तक आवेदन (शुल्क भुगतान सहित) करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET I&II) 2024 दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को आयोजित की जायेगी। यू0टी0ई0टी0 प्रथम की परीक्षा प्रातः 10:00 बजे से 12:30 तक तथा यू0टी0ई0टी0 द्वितीय की परीक्षा अपराहन 2:00 बजे से 4:30 बजे तक सम्पन्न होगी।** समस्त अर्ह (शुल्क भुगतान सहित) **अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र परिषद् की वेबसाइट www.ukutet.com एवं www.ubse.uk.gov.in के DEPARTMENTAL EXAM/UTET ऑइकॉन पर अपलोड किए जा चुके हैं।** अभ्यर्थी अपने रजिस्ट्रेशन नम्बर (पंजीकरण) एवं पासवर्ड अथवा नाम व जन्मतिथि (जैसा आवेदन पत्र में अंकित किया गया है) अंकित कर 08 अक्टूबर 2024 से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

यदि किसी अभ्यर्थी का परीक्षा प्रवेश–पत्र डाउनलोड नहीं हो पा रहा हो और उसके द्वारा विधिवत ऑनलाइन आवेदन किया गया हो तो वह **दिनांक 22 व 23 अक्टूबर 2024 को कार्यालय समय में अपने द्वारा परीक्षा हेतु चयनित प्रथम परीक्षा शहर में बने नोडल परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर अपना प्रवेश–पत्र प्राप्त कर सकते हैं।** इस हेतु अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन की छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज फोटो (आवेदन पत्र में अपलोड किये गये फोटो के समान) एवं फोटो पहचान पत्र (जैसा कि आवेदन पत्र में अंकित किया गया है) की छायाप्रति प्रस्तुत करनी होगी। परीक्षा शहरवार नोडल परीक्षा केन्द्रों की सूची परिषद् की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

7/X/2024

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

Scanned with OKEN Scanner

कार्यालयः सचिव उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर नैनीताल

पत्रांकःउ०वि०शि०प० / यू०टी०ई०टी०–2024 / विज्ञप्ति 04 / 182-85 / 2024–25 दिनांक 07.10.2024

उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET I&II) 2024 की परीक्षा तिथि परिवर्तन सम्बन्धी सूचना

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर नैनीताल द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति संख्या–उ०वि०शि०प० / यू०टी०ई०टी०–2024 विज्ञप्ति 01 / 89–92 / 2024–25 दिनांक 20 जुलाई 2024 के क्रम में निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन (शुल्क भुगतान सहित) करने वाले समस्त अर्ह अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा प्रथम एवं द्वितीय (UTET I&II) 2024 की परीक्षा दिनांक 26 अक्टूबर 2024 के स्थान पर दिनांक 24 अक्टूबर 2024 को आयोजित होगी। शेष निर्देश यथावत् रहेंगे।**

7/X/2024

सचिव,
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

Scanned with OKEN Scanner